भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 21 | बिजौलिया - बुधवार,19 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## कांग्रेस के टिकट वितरण में GenZ पर जोर, गहलोत बोले- सिफारिश नहीं जमीनी हकीकत बने आधार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में शहरी निकाय और पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस ने टिकट वितरण को लेकर युवाओं पर बड़ा दांव लगाने के संकेत दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी को त्वद्ठु ́ और युवा चेहरों को 50 प्रतिशत से अधिक टिकट देने की पैरवी की है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए 60 प्रतिशत टिकट युवाओं को देने की गाइडलाइन जारी करने की बात कही है।






कांग्रेस की रणनीति में इस बार युवा भागीदारी बढ़ाने के साथ टिकट वितरण में सिफारिश के बजाय जमीनी पकड़ और वास्तविक कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिखाई दे रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस वॉर रूम में हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि बदलते राजनीतिक माहौल में युवाओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वद्ठु ́ को 50 प्रतिशत से ज्यादा टिकट दिए जाने चाहिए, जबकि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का भी पार्टी को लाभ लेना चाहिए। उनके मुताबिक नई पीढ़ी राजनीति में सक्रिय हो रही है और उसकी भावनाओं को समझते हुए उसे आगे आने का अवसर देना जरूरी है।

गहलोत ने कहा कि युवाओं की सक्रियता से देश के राजनीतिक माहौल में बदलाव आया है। उन्होंने त्वद्ठु ́ के आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज और उनकी भागीदारी को राजनीतिक दलों को गंभीरता से लेना चाहिए। उनके अनुसार यह पीढ़ी बदलाव की ओर बढ़ रही है और कांग्रेस को भी इस बदलाव के साथ आगे बढ़ना होगा।

### 'सिफारिश से टिकट दिया तो चुनाव हार जाएंगे'

टिकट वितरण को लेकर गहलोत ने पार्टी नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के चयन में सिफारिश को आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। जमीनी हकीकत और वास्तविक कार्यकर्ता की पकड़ को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। गहलोत ने यहां तक कहा कि अगर वे खुद किसी उम्मीदवार की सिफारिश करें, तब भी उसे टिकट नहीं दिया जाना चाहिए।

गहलोत ने कहा कि उनके पास जयपुर, भरतपुर और बीकानेर सहित अलग-अलग क्षेत्रों से टिकट की सिफारिशें आती हैं, लेकिन किसी नेता की सिफारिश के आधार पर उम्मीदवार तय करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहर बैठकर किसी क्षेत्र की वास्तविक राजनीतिक स्थिति का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। स्थानीय स्तर पर उम्मीदवार की पकड़, संगठन में उसकी सक्रियता और चुनाव जीतने की क्षमता को देखकर ही फैसला होना चाहिए।

### डोटासरा बोले- 50 नहीं, 60 फीसदी टिकट युवाओं को

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी युवाओं को टिकट देने के मामले में पार्टी की रणनीति स्पष्ट कर दी। वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस 50 प्रतिशत नहीं बल्कि 60 प्रतिशत टिकट युवाओं को देने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए पार्टी की गाइडलाइन नीचे तक भेजी जाएगी। डोटासरा ने टिकट वितरण में पिछले चुनावों के प्रदर्शन और पार्टी के प्रति उम्मीदवार की निष्ठा को भी महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदलने या दूसरे दल का समर्थन करने वालों को टिकट देने पर विचार नहीं किया जाएगा। वहीं निर्दलीय जीतने के बाद कांग्रेस का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को टिकट देने पर पार्टी विचार कर सकती है।

### अब ऑनलाइन आवेदन से होगा टिकट का दावा

निकाय और पंचायतीराज चुनावों के लिए कांग्रेस ने टिकट प्रक्रिया को भी डिजिटल करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार टिकट के दावेदारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शहरी निकाय चुनाव के दावेदारों के लिए पोर्टल शुरू किया गया है और आवेदन के लिए त्तक्र कोड जारी किया गया है।

पार्टी की ओर से जारी त्तक्र कोड को स्कैन कर दावेदारों को अपनी जानकारी और आवश्यक विवरण ऑनलाइन उपलब्ध कराने होंगे। इससे टिकट प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के साथ स्थानीय स्तर पर उम्मीदवारों का फीडबैक जुटाने की कोशिश की जा रही है।

### युवा चेहरों के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं पर दांव

कांग्रेस की मौजूदा रणनीति से साफ है कि निकाय और पंचायतीराज चुनावों में पार्टी युवा चेहरों, सक्रिय कार्यकर्ताओं और स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले उम्मीदवारों को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। गहलोत के 50 प्रतिशत से अधिक और डोटासरा के 60 प्रतिशत युवाओं को टिकट देने के संकेत के बाद टिकट वितरण में पीढ़ीगत बदलाव की तस्वीर सामने आने लगी है। साथ ही नेताओं की सिफारिश के बजाय जमीनी सर्वे और स्थानीय संगठन की राय को महत्व देने की बात ने टिकट के दावेदारों की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं।

## 5 लाख रुपए के विवाद में दिनदहाड़े महिला को कार से कुचला, बेटे ने कहा- एक साल से परिवार को परेशान कर रहा था आरोपी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े एक महिला को कार से कुचलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामला करीब 5 लाख रुपए के लेनदेन और जीप किराए पर देने से जुड़े विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। मृतका के बेटे किशन लोहार ने भीलवाड़ा निवासी बंटी छीपा पुत्र यासीन छीपा पर उसकी मां को कार से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

किशन ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने अपने चचेरे भाई, जिसका नाम भी किशन है, उसे बंटी छीपा से 1500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जीप किराए पर दिलवाई थी। आरोप है कि जीप किराए पर लेने के बाद उसी दिन पुर थाना क्षेत्र में उसका एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने जीप को जब्त कर लिया था। गाड़ी के आवश्यक दस्तावेज नहीं होने के कारण जीप थाने से रिलीज नहीं हो सकी।

किशन के मुताबिक जीप जब्त होने के बाद बंटी छीपा ने परिवार से करीब 5 लाख रुपए जीप की कीमत के रूप में मांगने शुरू कर दिए। उसका आरोप है कि पिछले करीब एक साल से रुपए देने के लिए परिवार पर दबाव बनाया जा रहा था। रुपए नहीं देने पर परिवार को लगातार परेशान और धमकाया गया। किशन का दावा है कि इसी परेशानी के चलते परिवार को अपना मकान और प्लॉट छोड़कर भीलवाड़ा आकर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मंगलवार को किशन की मां फैक्ट्री के गेट के पास गाय-भैंस चरा रही थी, जबकि किशन फैक्ट्री के अंदर काम कर रहा था। इसी दौरान आरोपी कार लेकर वहां पहुंचा। किशन का आरोप है कि बंटी ने उसकी मां को कार से कुचल दिया और आगे-पीछे कार चढ़ाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। किशन के अनुसार कार में तीन-चार लोग सवार थे।

घटना के समय फैक्ट्री मैनेजर सहित करीब 20-25 श्रमिक मौके पर मौजूद बताए जा रहे हैं। मृतका के बेटे ने इसे हादसा नहीं बल्कि जानबूझकर की गई हत्या बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मृतका प्रियदर्शनी कॉलोनी में अपने बेटे और बेटी के साथ रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल, वाहन, प्रत्यक्षदर्शियों और रुपए के विवाद से जुड़े पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारण और घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नशे और साइबर अपराध के खिलाफ युवा शक्ति उतरे मैदान में: सीएम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान में अपराध और नशे के खिलाफ सरकार ने अब पुलिस के साथ युवा शक्ति और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में युवा सीएलजी सदस्यों और सुरक्षा सखियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार के प्रयास और जनभागीदारी से राजस्थान सुरक्षित और अपराधमुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं और सुरक्षा सखियों से नशे, साइबर अपराध और महिला अपराधों के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के समन्वय से ही मजबूत कानून व्यवस्था कायम की जा सकती है।




### युवा सीएलजी पुलिस-जनता के बीच मजबूत सेतु

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा सीएलजी सदस्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु हैं। छोटी-सी सूचना भी किसी बड़ी घटना को रोकने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्होंने युवाओं से छोटे विवादों, पड़ोस के झगड़ों और आपसी कहासुनी जैसे मामलों में विवेकपूर्ण तरीके से समझाइश और सुलह का प्रयास करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सीएलजी सदस्य और सुरक्षा सखियां केवल अपराध की सूचना देने तक सीमित न रहें, बल्कि यातायात व्यवस्था, रक्तदान, पौधारोपण, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

### 61 हजार से अधिक युवा सीएलजी सदस्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि युवा सीएलजी में 18 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं को शामिल किया गया है। प्रदेश में बीट स्तर पर 61 हजार से अधिक, थाना स्तर पर 11 हजार से अधिक और जिला स्तर पर करीब 2 हजार युवा सीएलजी सदस्य चयनित किए जा चुके हैं। इसमें समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है।

### 22 हजार सुरक्षा सखियां महिलाओं में जगा रहीं भरोसा

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा सखी योजना को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए राजस्थान पुलिस की महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाने पर 20 से 30 सुरक्षा सखियों का चयन किया गया है और प्रदेश में अब तक करीब 22 हजार सुरक्षा सखियां चयनित हो चुकी हैं।

इनमें आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, अध्यापिका, प्राचार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिला कार्मिक शामिल हैं। सीएम ने कहा कि सुरक्षा सखियों की भूमिका सिर्फ सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करना भी उनकी अहम जिम्मेदारी है।

### 'नशा एक युवा नहीं, पूरे परिवार को बर्बाद करता है'

मुख्यमंत्री ने युवाओं से नशे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक युवा का भविष्य खराब नहीं करता, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। युवा अपने क्षेत्रों में नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात नियमों को लेकर जागरूकता फैलाएं।

उन्होंने युवाओं से महापुरुषों की जीवनी पढ़ने और उनके तप, त्याग व आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाना जरूरी है।

### अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस और आमजन के प्रति संवेदनशीलता की नीति पर काम कर रही है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती के साथ पीड़ितों के साथ पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक और संवेदनशील होना चाहिए।

### पेपरलीक पर एसआईटी की कार्रवाई, 569 गिरफ्तार

मुख्यमंत्री ने युवाओं से जुड़े रोजगार और भर्ती के मुद्दे पर भी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पेपरलीक के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए गठित एसआईटी अब तक 569 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सरकार के कार्यकाल में 410 परीक्षाएं बिना पेपरलीक के आयोजित होने का दावा करते हुए उन्होंने बताया कि करीब 1 लाख 89 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

इसके अलावा 1 लाख 22 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जबकि 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। निजी क्षेत्र में भी करीब साढ़े चार लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात मुख्यमंत्री ने कही।

### 14 लाख साइकिल, 46 हजार छात्राओं को स्कूटी

महिला सशक्तीकरण के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 14 लाख साइकिलें वितरित की गई हैं और 46 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी गई है। मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क सोनोग्राफी सुविधा के 4 लाख 82 हजार से अधिक कूपन जारी किए गए हैं। वहीं 19 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाकर आर्थिक रूप से सशक्त करने का दावा किया।

### 'अपराध रोकने में आमजन की भागीदारी जरूरी'

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने वाले प्रदेश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत रखने में पुलिस की भूमिका अहम है, लेकिन अपराध की रोकथाम और सामाजिक सुरक्षा के लिए आमजन की भागीदारी भी जरूरी है।

कार्यक्रम में विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा सखियां और युवा सीएलजी सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश के अन्य जिलों से सुरक्षा सखियां और युवा सीएलजी सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

## नगरीय निकाय चुनावः रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में आगामी नगरीय निकाय आम चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने नगर निगम के महापौर-उप महापौर तथा नगर पालिकाओं के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार नगर निगम भीलवाड़ा के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) को रिटर्निंग अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार आसींद, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, माण्डलगढ़ एवं बिजौलिया नगर पालिकाओं के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित तहसीलदारों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

बीगोद नगर पालिका के लिए उपखण्ड अधिकारी फूलियाकलां को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार काछोला को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। गंगापुर के लिए उपखण्ड अधिकारी गंगापुर रिटर्निंग अधिकारी तथा तहसीलदार सहाड़ा मुख्यालय गंगापुर सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। वहीं गुलाबपुरा नगर पालिका के लिए उपखण्ड अधिकारी गुलाबपुरा को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार हुरड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30,माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

# दो माह से वेतन नहीं मिला, सफाई कर्मचारियों में आक्रोश

## एसडीएम कार्यालय पहुंचे कर्मचारी, पांच दिन में भुगतान नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम जैन।** नगर पालिका में टेंडर के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को करीब दो माह से वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है । लंबे समय से भुगतान अटका होने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को कई सफाई कर्मचारी अपनी समस्या लेकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और एसडीएम छोटू लाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर बकाया वेतन का भुगतान कराने की मांग की।

कर्मचारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से सफाई व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि करीब दो महीने से भुगतान नहीं हुआ है, जिसके चलते कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**रक्षाबंधन से पहले भुगतान की मांग**

सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि उनके बकाया वेतन का जल्द भुगतान कराया जाए। कर्मचारियों ने विशेष रूप से रक्षाबंधन से पहले वेतन दिलाने की मांग रखी, ताकि त्योहार के दौरान उन्हें आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़े।

**पांच दिन का अल्टीमेटम, हड़ताल की चेतावनी**

कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आगामी पांच दिनों में बकाया वेतन का भुगतान नहीं कराया गया तो वे काम बंद कर हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगे। कर्मचारियों के अनुसार वेतन भुगतान में देरी का सीधा असर उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# अफीम किसानों की मांगों को लेकर वित्त मंत्री व सीएम से मिलेगा किसान संघ



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** अफीम किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ अफीम आयाम चित्तौड़ प्रांत की बैठक चित्तौड़गढ़ में हुई। बैठक में तय किया गया कि अगस्त माह में किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर किसानों की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग करेगा।

किसान संघ की प्रमुख मांगों में डोडा चूरा को एनडीपीएस एक्ट से हटाकर राज्य आबकारी कानून में शामिल करना, एनडीपीएस की धारा 8/29 हटाना, पांच लाख नए अफीम लाइसेंस जारी करना, पुराने कटे व रुके पट्टे बहाल करना तथा सीपीएस पद्धति बंद करना शामिल है।इसके अलावा किसानों ने अफीम का उचित मूल्य बढ़ाने, मॉर्फिन की बाध्यता समाप्त करने और पूर्व में खेतों में नष्ट किए गए डोडा चूरा का भुगतान करने की मांग भी उठाई। किसान संघ ने कहा कि मांगों पर उचित समाधान नहीं हुआ तो आगामी समय में बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

बैठक में चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और प्रतापगढ़ सहित चित्तौड़ प्रांत के किसान संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान के शहरों को 3466 करोड़ की सौगात

## सीएम भजनलाल शर्मा ने 1421 विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण, 1.32 लाख श्रमिकों को 154 करोड़ का DBT भुगतान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर से प्रदेशभर में 3466 करोड़ रुपए के 1421 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से शहरों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा।

**निर्माण श्रमिकों को 154 करोड़ का भुगतान**

कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की ओर से निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई। 1.32 लाख श्रमिकों एवं आश्रितों के खातों में DBT के माध्यम से 154 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। सीधे खातों में राशि पहुंचने से श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा।

**71 ई-बसों को दिखाई हरी झंडी**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए 71 ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 24 बसें जयपुर तथा 47 बसें अलवर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर के लिए हैं। ई-बसों के संचालन से शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के साथ पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

**भीलवाड़ा में हुआ लाइव प्रसारण**

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भीलवाड़ा नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। इस दौरान शहर विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एडीएम सिटी प्रतिभा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

# 250 महिलाओं ने सीखा नेतृत्व और संगठन का हुनर

## 'स्वर्णिम कार्यकर्ता गुरुकुल' में प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास पर जोर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में जिला एवं नगर माहेश्वरी महिला संगठन, भीलवाड़ा की ओर से रामेश्वरम में 'स्वर्णिम कार्यकर्ता गुरुकुल' का आयोजन किया गया। शिविर में दक्षिण राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित भीलवाड़ा की 13 तहसीलों एवं 13 नगर क्षेत्रों से करीब 250 महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ममता मोदानी, कुंतल तोषनीवाल एवं शिखा भदादा ने दीप प्रज्वलन व महेश वंदना के साथ किया। प्रशिक्षण सत्रों में संगठन के नियम, अनुशासन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, रिपोर्टिंग एवं व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने गुरुकुल के उद्देश्य बताए, जबकि जिलाध्यक्ष भारती बाहेती ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रश्नोत्तरी, सम्मान एवं पारितोषिक वितरण भी हुआ।

नगर अध्यक्ष वीणा मोदी ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जगेटिया एवं पल्लवी लढ़ा ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# प्राकृतिक खेती आज की प्रमुख आवश्यकता : डॉ. यादव

## कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक प्रशिक्षण, 50 किसानों ने लिया भाग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

कृषि विज्ञान केंद्र में अनुसंधान निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्राकृतिक खेती तकनीक विषय पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती प्रमुख आवश्यकता बन गई है। उन्होंने रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती को कम लागत वाली खेती बताया तथा इसमें देशी गाय की उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया।

सह निदेशक अनुसंधान डॉ. रविकांत शर्मा ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिट्टी जांच के लिए नमूना लेने की विधि तथा प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र एवं दशपर्णी की जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक उत्पादों के भंडारण एवं बाजार में बिक्री की तकनीक भी समझाई।

प्रगतिशील किसान नरेंद्र कुमार ने अंतःफसल प्रणाली अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं डॉ. के.सी. नागर ने खरपतवार एवं सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। कृषि अधिकारी दिनेश सोलंकी ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य संरक्षण की आवश्यकता बताई।

प्रशिक्षण में 50 किसान एवं किसान महिलाओं ने भाग लिया। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. लालचंद कुमावत ने संचालन किया। प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि कैलेंडर के साथ बीजामृत, जीवामृत एवं घनजीवामृत वितरित किए गए।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो के कर्मचारियों ने ली नशामुक्त भारत की शपथ



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मीणा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कर्मचारियों से परिवार, मित्रों, पड़ोसियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कर्मचारियों ने नशामुक्त जीवनशैली अपनाने और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया।

# कर्म ही जीवन की दिशा और दशा तय करते हैं: रवीन्द्र मुनि



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

स्थानीय शीतल भवन में आयोजित धर्मसभा में मेवाड़ गौरव, प्रखर वक्ता रवीन्द्र मुनि मसा ने कर्म सिद्धांत पर प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में सुख-दुःख का प्रमुख आधार उसके कर्म होते हैं। अच्छे कर्म जीवन में शांति, संतोष और प्रसन्नता लाते हैं, जबकि गलत कर्मों का परिणाम किसी न किसी रूप में भोगना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। केवल पूजा-पाठ करने से नहीं, बल्कि व्यवहार में सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा और परोपकार को अपनाने से जीवन सार्थक बनता है। मन, वचन और कर्म से किसी को दुख नहीं पहुंचाना ही सच्चे धर्म की पहचान है।परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मनुष्य को अपने अच्छे कर्मों का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। कर्म का फल देर से मिल सकता है लेकिन उससे कोई बच नहीं सकता। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्तमान में सतकर्म करते हुए अपने जीवन को धर्ममय बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में क्रोध, लोभ, अहंकार और द्वेष को त्यागकर प्रेम, संयम और सद्भाव को अपनाएं। यही आत्मकल्याण और समाज में शांति का मार्ग है। इस दौरान एकासन लड़ी में अनिता पोखरना ने प्रत्याख्यान लिए। वही मंच संचालन चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना ने किया।

वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा ने अधिक से अधिक श्रावक-श्राविकाओं को धर्मसभा में उपस्थित होने का आग्रह किया।

# सांसद अग्रवाल को भाजपा आलाकमान ने कोटा सम्भाग चुनाव प्रभारी बनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भाजपा आला कमान ने सांसद दामोदर अग्रवाल को कोटा संभाग का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि पूर्व में भी सांसद अग्रवाल को पार्टी ने गुजरात, दिल्ली व बिहार जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर चुनाव प्रभारी बनाकर भेजा, वहां सभी जगह सांसद अग्रवाल के नेतृत्व में पार्टी का परचम लहराया है । अग्रवाल को इसके अलावा कई उपचुनाव में प्रभारी नियुक्त किया गया था, वहां भी भाजपा का परचम लहराया।।

इन्हीं सफलताओं और कार्य कुशलता को देखते हुए पार्टी आलाकमान ने सांसद अग्रवाल को कोटा संभाग का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।



QUICK BITES

## बिजोलिया ब्लॉक में श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई महर्षि चरक जयंती

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।




श्रावण शुक्ल पक्ष की शेष नाग पंचमी के पावन अवसर पर आयुर्वेद के आदि आचार्य महर्षि चरक की जयंती बिजोलिया ब्लॉक में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न आयुर्वेदिक संस्थानों में भगवान धन्वंतरि एवं महर्षि चरक का विधिवत पूजन-अर्चन कर आयुर्वेद के प्रति समर्पण एवं जनसेवा का संकल्प लिया गया।

ब्लॉक आयुर्वेद प्रभारी एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. संजय कुमार नागर ने बताया कि महर्षि चरक ने आयुर्वेद को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी प्रसिद्ध कृति 'चरक संहिता' आयुर्वेद का प्रमुख एवं प्रामाणिक ग्रंथ है, जिसमें रोगों के निदान, चिकित्सा, औषधियों, आहार-विहार तथा स्वस्थ जीवनशैली का विस्तृत वर्णन मिलता है। महर्षि चरक ने चिकित्सक के ज्ञान, कर्तव्यनिष्ठा, करुणा एवं रोगी के प्रति समर्पण को विशेष महत्व दिया।

राजकीय आयुर्वेद औषधालय आँट में महर्षि चरक जयंती के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने औषधीय एवं उपयोगी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण तथा आयुर्वेद में वनौषधियों के महत्व का संदेश दिया।

इसी क्रम में ब्लॉक आयुष चिकित्सालय बिजोलिया में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आने वाले रोगियों की आयुर्वेदिक पद्धति से जांच एवं उपचार किया गया। रोगियों को आवश्यकतानुसार परीक्षण, वैद्यकीय कर्म एवं औषधियों के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया तथा आयुर्वेदिक आहार-विहार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अजय यादव, डॉ. रिजवाना खान, कंपाउंडर संजू गुर्जर, राजेश शर्मा एवं कंपाउंडर गोपाली धाकड़ सहित चिकित्सा विभाग के कार्मिकों एवं अन्य उपस्थितजनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के माध्यम से महर्षि चरक के आयुर्वेद एवं मानव सेवा के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आयुर्वेद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार, जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भादवा छठ मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भादवा छठ के अवसर पर भगवान देवनारायण बिहारी जी की बनी में विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा तय करने को लेकर मंगलवार दोपहर 2 बजे देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आसपास के नागरिकों एवं ग्रामवासियों ने भाग लेकर मेले को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं और तैयारियों पर चर्चा की।

बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से मेले को सफल बनाने पर सहमति जताई। बैठक में संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत, अध्यक्ष नंदकिशोर सनाढ्य, देवनारायण मंदिर विकास एवं प्रबंध संस्थान लाडपुरा, दिनेश सिंह शक्तावत, कैलाश सोडानी, मोडूलाल माली, देवनारायण पुजारी नंदलाल भोपा, भेरू गुर्जर, महिपाल सिंह अमरतिया, सांवरिया गौशाला अध्यक्ष नारायणलाल सनाढ्य, मोहन सिंह शक्तावत, महावीर सुराणा, प्रभुलाल सनाढ्य, बालूसिंह देवड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर सोमवार को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्थान सहित देशभर में रैली एवं प्रदर्शन किए गए। इसी क्रम में भीलवाड़ा में जिलाध्यक्ष तारा शर्मा, प्रदेश मंत्री गोपाल सिंह चौहान एवं जिला मंत्री हरीश सुवालका के नेतृत्व में सैकड़ों श्रमिकों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में बैंक, डाक, बीमा, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संविदा कर्मचारियों, योजना कर्मियों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित आंगनबाड़ी, आशा सहयोगिनी, ग्राम साथिन, विद्युत ठेका कर्मचारी संघ, सफाई कर्मचारी संघ, जलदाय कर्मचारी संघ, विद्युत श्रमिक संघ, रोडवेज फेडरेशन, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, डेयरी एवं खान कर्मचारी संघ सहित विभिन्न संगठनों के कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। मीडिया प्रभारी राजेश जीनगर ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को दत्तोपंत ठेंगड़ी के नेतृत्व में हुई थी और संगठन ने स्थापना से ही 'राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं श्रमिकहित' के समन्वय को अपना मूल दर्शन बनाया है। संघ का कहना है कि राष्ट्र मजबूत होगा तो उद्योग मजबूत होंगे और उद्योग मजबूत होंगे तो श्रमिकों का जीवन भी समृद्ध होगा। संगठन सरकार, उद्योग एवं श्रमिकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए 'रिस्पॉन्सिव कोऑपरेशन' यानी सकारात्मक सहयोग एवं आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष की नीति पर कार्य करता है। पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई, अस्थायी रोजगार, सामाजिक सुरक्षा की सीमित उपलब्धता और वेतन संबंधी विसंगतियों के कारण श्रमिक वर्ग को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार से श्रमिकों की न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई। समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन में श्वस्द्धष्ट की वेतन सीमा ?21 हजार से बढ़ाकर ?42 हजार करने, न्यूनतम श्वक्क्न पेंशन ?7,500 प्रतिमाह करने के साथ महंगाई राहत लागू करने, श्वक्क्न वेतन सीमा ?15 हजार से बढ़ाकर ?30 हजार करने, बोनस गणना की अधिकतम वेतन सीमा ?18 हजार एवं बोनस पात्रता की वेतन सीमा ?42 हजार करने, योजना कर्मचारियों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि, संविदा कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन, श्रमिक विरोधी प्रावधान समाप्त करने, बैंक कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा ?20 लाख से बढ़ाकर ?40 लाख करने तथा राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन ?30 हजार प्रतिमाह निर्धारित करने सहित 11 मांगें रखी गईं। प्रदर्शन के दौरान रजनी शक्तावत, कमलेश कंवर, माया प्रजापत, कमला बैरवा, सीता सोनी, सुशीला जोशी, राधा शर्मा, मीनाक्षी त्रिपाठी, दिनेश भट्ट, संजय शर्मा, राकेश सेन, विजयशंकर, महेश शर्मा, जगदीश माली, अमित, शंभू तेली, कन्हैया माली, भैरु बैरवा, शैलेन्द्र सिंह, नरेश, लोकेश जोशी, देवेंद्र वैष्णव, सत्यनारायण शर्मा, मान सिंह, कैलाश बलाई, महावीर गुर्जर, अशोक दिग्गरज सिंह, पंकज शर्मा एवं राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बार-बार बिजली ट्रिपिंग से किसान परेशान, दो साल से खराब पड़ी वीसीबी





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

सहायक अभियंता कार्यालय बीगोद के अंतर्गत गेगा का खेड़ा 33 केवी ग्रिड पर बिजली व्यवस्था को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। यहां कुड़ी फीडर और गेगा का खेड़ा फीडर पर लगी दो वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) करीब दो साल से खराब पड़ी हैं। आरोप है कि खराब वीसीबी के स्थान पर फीडरों को मुख्य वीसीबी से जोड़कर तारों के सहारे व्यवस्था संचालित की जा रही है। इसके चलते फीडरों में फाल्ट आने पर मुख्य वीसीबी भी बंद हो जाती है और ग्रिड से जुड़े अन्य फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

किसानों का कहना है कि उन्हें मिलने वाली छह घंटे की थ्री-फेज बिजली सप्लाई के दौरान 10 से 12 बार तक ट्रिपिंग हो रही है। बार-बार बिजली बंद होने से किसानों को मोटर चलाने के लिए खेत से कुएं तक बार-बार जाना पड़ता है। इससे समय और मेहनत दोनों की बर्बादी हो रही है। लगातार हो रही ट्रिपिंग को लेकर किसानों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष है। किसानों ने मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल से मामले में हस्तक्षेप कर थ्री-फेज सप्लाई के दौरान बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान करवाने की मांग की है।

मामले को लेकर अधीक्षण अभियंता भीलवाड़ा ओ.पी. खटोड़ ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। वे सहायक अभियंता बीगोद से जानकारी लेकर बार-बार होने वाली बिजली ट्रिपिंग की समस्या का समाधान करवाएंगे।

वहीं सहायक अभियंता बीगोद भारत कुमार पंवार ने बताया कि गेगा का खेड़ा 33 केवी ग्रिड पर खराब दोनों वीसीबी के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उच्च अधिकारियों की ओर से बताया गया है कि वीसीबी उपलब्ध होते ही उन्हें लगवा दिया जाएगा।

# सर्वेक्षण आंकड़ों के विरोध में रावणा राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा।



राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा जारी सर्वेक्षण के आंकड़ों के विरोध में मंगलवार को रावणा राजपूत समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुलाबपुरा उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने आरोप लगाया कि 5 अगस्त 2026 को सार्वजनिक किए गए आयोग के सर्वेक्षण आंकड़े रावणा राजपूत समाज की वास्तविक जनसंख्या को प्रदर्शित नहीं करते हैं।

ज्ञापन में समाज की ओर से कहा गया कि सर्वेक्षण के दौरान कई परिवारों तक पहुंच नहीं बनाई गई तथा विभिन्न स्थानों से तकनीकी खामियों, अनुमानित डेटा एंट्री और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा मतदाता सूची के आधार पर अनुमानित आंकड़े अपलोड किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। ऐसे में समाज ने आयोग की संपूर्ण रिपोर्ट, सर्वेक्षण की पद्धति और आधारभूत आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने गांव, वार्ड, तहसील एवं जिला स्तर के आंकड़े सार्वजनिक कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सत्यापन कराने तथा सर्वेक्षण से छूटे परिवारों का पुनः सर्वे कराने की मांग रखी। समाज ने कहा कि वास्तविक जनसंख्या एवं सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधित्व के आधार पर ओबीसी वर्ग के अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए और पारदर्शी एवं प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर न्यायसंगत निर्णय लिया जाना चाहिए।

रावणा राजपूत समाज गुलाबपुरा-हुरड़ा प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि सर्वेक्षण की कमियों का निष्पक्ष सत्यापन नहीं कराया गया और वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए तो समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होगा। यह जानकारी गुलाबपुरा नगर अध्यक्ष विजय सिंह पंवार ने दी।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ समाजसेवी सुखदेव सिंह चौहान, नोरत सिंह राठौड़, शिवराज सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह चौहान, पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व पार्षद मुकेश सिंह खींची, किरण सिंह पंवार, जैतगढ़ सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह शिशोदिया, युवा प्रदेश सचिव राजवीर सिंह भोजरास, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह चुंडावत, राजेश सिंह, संजय सिंह, महावीर सिंह पंवार, बद्री सिंह रूपाहेली, कल्याण सिंह सांखला, गणेश सिंह सांखला, कैलाश सिंह भंडारी, चंदन सिंह राणावत, तेजेंद्र सिंह खंगारोत, विक्रम सिंह चौहान, राजेश सिंह भंडारी, सत्यनारायण सिंह दहिया, छोटू सिंह, शिव सिंह सोलंकी, विजय सिंह चौहान, भंवर सिंह राठौड़ सहित समाज के अनेक गणमान्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 23 अगस्त को होगा कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए आगामी 23 अगस्त रविवार को कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे हरी सेवा धाम, रोडवेज बस स्टैंड के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम में भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी अपने कार्यकाल के दौरान विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के समक्ष रखेंगे। साथ ही क्षेत्र के आगामी विकास की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन से सुझाव और विचार भी लिए जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की ओर से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। भगवान सिंह चौहान, कैलाश जीनगर, संजय राठी, शंभू वैष्णव, राजकुमार ईनाणी एवं विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित समिति के सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

आयोजकों ने भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर स्नेह मिलन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक अशोक कुमार कोठारी की अध्यक्षता में बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में आनंद चपलोत, सुंदरलाल बंबोडा, बाबूलाल टाक, एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, गिरेन्द्र मिश्रा, सत्यनारायण गूगड़, कमल कोठारी, केदार जागेटिया, चेतन मानसींका, छीतर गेंगट, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज, प्रिंस जैन, अजय पाराशर, महेंद्र प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान निकाय चुनाव प्रभारी हरीश द्विवेदी आज लेंगे संगठनात्मक बैठक

## नगर निगम चुनाव तैयारी हेतु भाजपा के दिग्गज नेताओं ने की रणनीतिक बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान निकाय चुनाव प्रभारी हरीश द्विवेदी का आज प्रथम बार भीलवाड़ा आगमन होगा, यहां वे आगामी निकाय चुनावों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में अहम बैठक लेंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा करेंगे।




जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री के आगमन की तैयारियों और आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में हाई लेवल बैठक जिला कार्यालय पर आहुत हुई। जिसमें सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी संजय जैन ताऊ, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व महापौर राकेश पाठक, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री के सानिन्ध्य में होने वाली बैठक की रूपरेखा तैयार करते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। निकाय चुनावों के तहत आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भी भाजपा के दिग्गज नेताओं ने विभिन्न पहलुओं और समीकरणों पर चर्चा की और पार्टी की विचारधारा, रीति नीति के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक विजय का संकल्प व्यक्त किया गया।

# सरथला में जुड़े देवपुरिया गांव की राह में पानी, बच्चों से लेकर गर्भवती महिलाओं को होती है परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

ग्राम पंचायत सरथला में शामिल हुए देवपुरिया गांव के ग्रामीण बारिश के दौरान आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गांव से स्कूल एवं मुख्य सड़क तक जाने वाला करीब 4 किलोमीटर का रास्ता पानी से भर जाने के कारण ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार इसी रास्ते से रोजाना बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। रास्ते में पानी अधिक होने पर बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए करीब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**गर्भवती महिलाओं और मरीजों के लिए बढ़ी मुश्किल**

समस्या केवल स्कूली बच्चों तक सीमित नहीं है। बारिश के दौरान गांव में वाहन पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं और मरीजों को करीब 4 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक पहुंचाने के बाद ही वाहन से अस्पताल ले जाना संभव हो पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

**काछोला बाजार जाने का भी यही रास्ता**

देवपुरिया से मुख्य बाजार काछोला जाने के लिए भी ग्रामीण इसी मार्ग पर निर्भर हैं। बारिश में रास्ता पानी में डूब जाने से ग्रामीणों का बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी सेवाओं से संपर्क प्रभावित हो जाता है। जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर ने बताया कि देवपुरिया गांव पंचायत में जुड़ गया है, लेकिन सड़क और आवागमन की समस्या अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा, गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा और ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों को देखते हुए समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है।

**अधिकारी मौके पर पहुंचकर देखें हालात**

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने की मांग की है। साथ ही पानी की निकासी की व्यवस्था करने, रास्ते को ऊंचा करने तथा स्थायी सड़क निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि देवपुरिया की यह समस्या महज आवागमन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, मरीजों के उपचार और गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित आवाजाही से जुड़ा गंभीर विषय है। ऐसे में प्रशासन को बारिश के दौरान तत्काल राहत के साथ-साथ स्थायी समाधान की दिशा में भी कदम उठाना चाहिए।

# 26 अगस्त को निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा, संतों का मिलेगा सानिध्य

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

भगवान महादेव की भक्ति और आस्था से ओतप्रोत विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन 26 अगस्त को मांडलगढ़ क्षेत्र में किया जाएगा। युवा नेता मुकेश खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा सुबह 8 बजे त्रिवेणी संगम से रवाना होकर मुंडला महादेव जी होड़ा पहुंचेगी। यात्रा को लेकर शिवभक्तों में उत्साह है और आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जारी हैं।



कावड़ यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहेंगे। यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। यात्रा में द्वारकाधीश पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री 1008 श्री रामेश्वर दास जी महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद् (संत प्रकोष्ठ), तराना-उज्जैन का सानिध्य रहेगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल श्री सवाईभोज महाराज आसींद के परम पूज्य महंत श्री 1008 सुरेश दास जी महाराज भी यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संतों के सानिध्य में निकलने वाली कावड़ यात्रा में शिवभक्त पवित्र जल लेकर भगवान महादेव के जयकारे लगाते हुए मुंडला महादेव जी होड़ा पहुंचेंगे। यात्रा में उज्जैन से महाकाल एवं कालका माता की विशेष झांकियां भी लाई जाएंगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। झांकियों के साथ भगवान शिव के जयकारों से यात्रा मार्ग भक्तिमय रहेगा। यात्रा के दौरान राजस्थान के प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा लाइव भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न अखाड़ों की ओर से अलगोजा और मसक वादन का प्रदर्शन किया जाएगा। भजनों, धार्मिक झांकियों एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बीच कावड़ यात्रा का माहौल भक्तिमय और आकर्षक रहेगा।

आयोजक मुकेश खंडेलवाल ने मांडलगढ़ सहित आसपास के गांवों के शिवभक्तों से अधिकाधिक संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव की भक्ति से जुड़ी इस यात्रा में श्रद्धालु परिवार सहित शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं। आयोजकों के अनुसार यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

# जीवन के सारे दुःखों का समाधान मिल सकता वंदन भक्ति से-आचार्य रामदयालजी महाराज

## राम गुरू के लिए झुक गए तो दुनिया में अन्य कहीं भी झुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जीवन में मन के विकारों को हटाना है ओर इन्द्रियों की कुटिलता के कारण जीव जिन दुःखों से व्यथित रहता है उन सबका समाधान वंदन भक्ति से ही हो सकता। वैदिक आदर्शों व हमारी संस्कृति के अनुसार भक्ति में सर्वश्रेष्ठ, अद्बुद्ध एवं विलक्षण वंदन भक्ति है।





कितना भी बड़ा अपराध हो क्षमायाचना करके वंदन करते है तो राहत मिलती है। काम,क्रोध, लोभ, मद सबका अंत करने वाली वंदन भक्ति है।

ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाघीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने मंगलवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने वंदन भक्ति के स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह उठते ही सबसे पहले परमात्मा, सद्गुरू व माता -पिता को प्रणाम करे। प्रणाम एवं वंदन करने से आयु, विद्या, यश व बल में वृद्धि होती है। अगर तुम्हे आयु, आय, सम्मान व पद चाहिए तो रोज राम गुरू के चरणों में बार-बार प्रणाम करो ये सब प्राप्त हो जाएंगे।आचार्यश्री ने कहा कि संत हो या गृहस्थ सभी को अपने भीतर देखना चाहिए कि सद्गुरू ने क्या सिखाया ओर हम क्या कर रहे है। सुबह उठते ही, भोजन करने से पहले ,शाम को आरती से पहले ओर रात में सोने से पहले परमात्मा व सद्गुरू को प्रणाम करो।

परमात्मा से कुछ भी छुपा हुआ नहीं है वह हमारे मन की सरलता व कुटिलता सब कुछ जानता है। जैसी हमारी भावना होगी वैसा ही फल प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भक्ति विनम्रता का प्रतीक होकर झुकना सिखाती है। अफसोस इस बात का है कि कई लोगों को अपने गुरू को प्रणाम करने में भी शर्म आती है।

माता- पिता व दादा -दादी को देख कर ही बच्चे संस्कारित होते है। सत्संग संस्कार सिखाने का प्रशिक्षण केन्द्र है। संस्कार नहीं देने का कुप्रभाव समाज पर पड़ रहा है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि हम परमात्मा व गुरू के समक्ष नहीं झुकेंगे तो कहां झुकेंगे। राम गुरू के लिए झुक गए तो दुनिया में अन्य कहीं भी झुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भगवान को प्रणाम कर लिया तो जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाएंगे। साधक जितना विनम्र होगा उतना निराभिमानी जीवन बनेगा। अभिमान रहित जीवन भगवान तक पहुंचने में सरलता व सहजता का रूपक प्राप्त कर लेता है। उन्होंने कहा कि भगवान कभी अपने भक्त में अहंकार नहीं देख सकते है। भक्त सदा विनम्र, निराभिमानी, सरल व सहज होना चाहिए। भक्ति भक्त को निर्मल व सरल बनाती है।

हमारा आहार हमेशा शुद्ध होना चाहिए। भगवान की भक्ति से आहार शुद्ध होता है। प्रसाद का मतलब परमात्मा का साक्षात दर्शन होता है। भगवान को भोग लगाकर किया गया भोजन प्रसाद बन जाता है।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस पर प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई।

सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस जी ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## QUICK BITES

### कमलेश बने राजेश पायलट किसान संगठन के भीलवाड़ा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के लसाड़िया निवासी कमलेश गुर्जर को राजेश पायलट किसान संगठन के भीलवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्र का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया । संगठन अध्यक्ष चौधरी रामकेश दिवाकर व संगठन महासचिव हंसराज गुर्जर के अनुमोदन से संगठन में नियुक्ति प्रदान की गई, किसानों की आवाज को मजबूती करते हुए संगठन हित में काम हो । जिसमें लसाड़िया निवासी कमलेश कुमार गुर्जर को भीलवाड़ा ग्रामीण का जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया । कमलेश के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर परिवारजन व शुभचिंतक बधाई दे रहे हैं ।।

### महेशपुरा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज, विधायक भड़ाणा करेंगे उद्घाटन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- क्षेत्र के महेशपुरा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 17वीं ब्लॉक स्तरीय ( 14 वर्ष छात्र ) खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को होगा । प्रतियोगिता का उद्घाटन मांडल विधायक उदय लाल भडाणा करेंगे । अध्यापक गोविंद राम व्यास ने बताया कि महेशपुरा विद्यालय में 70 वीं सुवाणा ब्लॉक स्तरीय ( 14 वर्ष छात्र ) खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का उद्घाटन बुधवार को प्रातः 10 बजे होगा, तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होगी । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उदय लाल भडाणा विधायक मांडल होंगे । मुख्य संरक्षक अरूणा गारु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा व समारोह की अध्यक्षता डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर जिला शिक्षा अधिकारी, प्राथमिक शिक्षा भीलवाड़ा करेंगे । वहीं विशिष्ट अतिथि गणपत लाल शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुवाणा, विजयपाल शर्मा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुवाणा, कैलाश चंद्र सुथार अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा भीलवाड़ा, अंशु शर्मा पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कांदा, जग जितेंद्र सिंह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा भीलवाड़ा व कैलाश चंद्र पारीक समाजसेवी के होंगे । प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार 21 अगस्त को होगा ।।

### लाइन कार्य के चलते शक्करगढ़ सहित कई गांवों में चार घंटे बिजली बंद रहेगी

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जहाजपुर ग्रामीण क्षेत्र में पिपलूंद बाईपास पर लाइन कार्य के चलते 19 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

ग्रामीण सहायक अभियंता धर्मचंद बैरवा ने बताया कि उपखंड जहाजपुर (ग्रामीण) के 33/11 केवी जीएसएस धोड़-पिपलूंद, खजुरी-शक्करगढ़ एवं गुड़ा जीएसएस से संबंधित सभी 11 केवी फीडरों के अधीन आने वाले गांवों में विद्युत सप्लाई कार्य के दौरान बाधित रहेगी।

विद्युत निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पहले से निपटा लें तथा विद्युत आपूर्ति बहाल होने तक सावधानी बरतें।

### आरयूआईडीपी जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को एफएसटीपी के फायदे बताए

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**




राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई की ओर से मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुरा बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परियोजना कार्यों, स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव और एफएसटीपी के फायदों की जानकारी दी गई।

कैप इकाई के सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर स्पॉट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि आसपास साफ-सफाई रखने से मच्छर और मक्खियों की रोकथाम होगी तथा डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सकेगा। उन्होंने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टैंकरों के माध्यम से जाजपुर रोड पर निर्माणाधीन एफएसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। यहां मल-जल का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर उपयोगी खाद तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग वानिकी एवं पेड़-पौधों में किया जा सकेगा। इससे मल-जल के असुरक्षित निस्तारण से होने वाली गंदगी और प्रदूषण से निजात मिलने के साथ वातावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी।

इस दौरान विद्यार्थियों को हाथ धोने के 10 स्टेप की जानकारी भी दी गई और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील दत शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।